**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2818**
**उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019**

**नक्सलवाद-प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क**

**2818. श्री रमेश चन्द्र माझीः**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा के नवरंगपुर, मलकानगिरी और कोरापुट जिलों में ऐसे कौन-से नक्सलवाद-प्रभावित क्षेत्र हैं जहां मोबाइल नेटवर्क का विस्तार नहीं हुआ है; और

(ख) मंत्रालय द्वारा उपर्युक्त जिलों के नक्सलवाद-प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क के विस्तार हेतु क्या नए प्रयास किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रवि शंकर प्रसाद)**

(क) वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में चरण-। परियोजना के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों (एलडब्ल्यूई) में गृह मंत्रालय द्वारा 10 राज्यों में पहचान किए गए 2355 टावर स्थलों पर मोबाइल कनेक्टिविटी स्थापित की गई है। नवरंगपुर, मलकानगिरी और कोरापुट जिलों में क्रमश: 14, 28 और 27 मोबाइल टॉवर कार्य कर रहे हैं।

(ख) वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों की चरण-।। परियोजना के अंतर्गत सरकार ने गृह मंत्रालय द्वारा नवरंगपुर, मलकानगिरी और कोरापुट जिलों में पहचान किए गए स्थानों में क्रमश: 35, 76 और 94 मोबाइल टावरों की स्थापना को मंजूरी दी है।

*******